प्रश्न सं. [ क्र. 1561 ]

[ 31/7/2025]

प्रपत्र–अ.

विधासभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1561 द्वारा श्री विकांत भूरिया

| स. क्र. | मार्ग की श्रेणी | मार्ग का नाम | लंबाई (कि.मी.) | मार्ग की विधमान चौडाई (मी.) | निर्मित पुल/पुलिया | | पुल की वर्तमान स्थिति | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | संख्या | चौडाई (मी.) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | अन्य जिला मार्ग | झाबुआ कल्याणपुरा मार्ग | 13.76 | 7.00 | 2 | 8.40 | अच्छी है। | मार्ग लोक निर्माण विभाग के आधिपत्य में है। |
| 2 | मुख्य जिला मार्ग | कल्याणपुरा रायपुरिया मार्ग | 23.20 | 5.50 | 35 | 6.40 से 8.40 | 2 नग पुल/पुलिया अच्छी स्थिति में शेष 33 नग पुल/पुलिया जो वर्ष 1980 के पूर्व से निर्मित है, उनकी स्थिति साधारण है। | |
| 3 | मुख्य जिला मार्ग | रायपुरिया–पेटलावद–बामनिया मार्ग | 18.18 | 5.50 | 8 | 8.4 से 10 | पुल की वर्तमान स्थिति अच्छी है। | मार्ग बीओटी (एन्युटी) योजना अंतर्गत म.प्र. सड़क विकास निगम अंतर्गत है। कंसेशन अवधि 28.06.2028 तक है। |
| 4 | राज्य राजमार्ग | बामनिया–रानीसिंह– रतलाम मार्ग | 48.75 | 5.50 | 103 | 8.4 से 10 | पुल की वर्तमान स्थिति सामान्य है। | मार्ग का यह भाग म.प्र. सड़क विकास निगम अंतर्गत है, जो कि एनडीबी योजना अंतर्गत 2–लेन विथ पेव्हड शोल्डर में निर्माणाधीन है। |

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय

परिशिष्ट - 1

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport and Highways, Government of India)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई – रतलाम / Project Implementation Unit –Ratlam
कार्यालय : 8-लेन दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेसवे के धामनोद इंटरचेंज के पास, रतलाम - सैलाना मार्ग, ग्राम धामनोद, जि.रतलाम (म. प्र.) 457001
Office: Near Dhamnod Interchange of 8-Lane Delhi-Mumbai Expressway, Ratlam-Sailana Road, Gram Dhamnod District-Ratlam (M.P.) 457001
E-mail: piuratlam@nhai.org/ratlamnhai@gmail.com

भा.रा.रा.प्रा./पकाई/रतलाम/2025/ 1721 — दिनांक 10.07.2025

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय प्रश्न ( तारांकित प्रश्न क्रमांक : 1561 ) डॉ.विक्रांत भूरिया

विषय : झाबुआ - पेटलवाद- रतलाम 4 लेंन हाईवे रोड निर्माण ।

| संख्या | तारांकित प्रश्न | जवाब |
|---|---|---|
| (क) | वर्तमान मे झाबुआ- पेटलवाद- रतलाम 2 लेन हाईवे रोड की हालत जर्जर है, यह संकीर्ण रोड है जिसके पूल जर्जर हो चुके। क्या इस रोड को उन्नत करने की विभाग की किस प्रकार की योजना है, क्योंकि वर्ष 2018 NHAI ने उक्त रोड को 4 लेन बनाने की मंजूरी दी थी, जिसका वर्ष 2024 राज्य शासन ने भूमि अधिगृहन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, परंतु अज्ञात कारण से NHAI ने यह प्रक्रिया रोक दी गई है. | उक्त के संबंध में यह अवगत कराना है कि रतलाम पेटलवाद 2 लेन सड़क राज्य मार्ग (SH) है तथा मध्यप्रदेश शासन के अधीन है। पेटलवाद (रायपुरिया) से झाबुआ NH 147E को भा.रा.रा.प्रा द्वारा विकसित करने हेतु भूमि अधिग्रहण कार्य 2024 में शुरु किया गया था परंतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा मार्च - 2025 में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए बदनावर- थांदला – पेटलावद - टिमरवानी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर भा.रा.रा.प्रा द्वारा 4-लेन में विकसित करने हेतू तथा झाबुआ रायपुरिया खंड को राष्ट्रीय राजमार्ग की सूचि से विलोपित कर मध्यप्रदेश शासन को सौंपने हेतु एवं निर्माण किया जाना हेतु लेख किया गया था। परिणाम स्वरुप भाराराप्रा द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रकिया को रोक दी गई है। तथा मई 2025 में भारत सरकार द्वारा बदनावर-पेटलावाद थांदला -टिमरवानी को भारत के राजपत्र अधिसूचना का. आ. 1954 (अ) दिनांक 01.05.2025 के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग 752 D घोषित किया जा चुका है एवं झाबुआ- रायपुरिया राजमार्ग क्र. 147 E को राष्ट्रीय राजमार्ग की सूची से विलोपित किया जा चुका है। |
| (ख) | ऊपर लिखित प्रश्नांश (क) के सबंध मे राज्य शासन की यह जिम्मेदारी नहीं है, की झाबुआ जैसे आदिवासी जिले के विकास हेतु 2 लेन रोड को उन्नत करके 4 लेन रोड बनाया जाए, जिससे की जिले का विकास हो। | ऊपर लिखित प्रश्नांश (क) के संबंध मे अवगत कराना है कि झाबुआ- पेटलवाद- रतलाम को राष्ट्रीय राजमार्ग की सूचि से विलोपित किया जा चुका है अतः इसका निर्माण राज्य शासन के द्वारा किया जाना है । |

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय

भवदीय
Sandeep
संदीप पाटीदार
परियोजना निदेशक
भा.रा.रा.प्रा, प.का.ई - रतलाम